# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा | नवम्(मॉनसून) सत्र
संख्या-01 | शुक्रवार, दिनांक-29 जुलाई, 2022 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.49 बजे पूर्वा० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

### 1. अध्यक्ष का प्रारम्भिक वक्तव्य:-

(शोरगुल)

पंचम् झारखण्ड विधान सभा के नवम् (मॉनसून) सत्र के शुभारम्भ पर आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन किया गया तथा देश के पन्द्रहवें राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने के लिए माननीया, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को सदन के माध्यम से बधाई देते हुए उनकी अब तक की उपलब्धियों को भी माननीय अध्यक्ष महोदय ने गिनाया। मांडर विधान सभा के लिए हुए उप चुनाव में नवनिर्वाचित माननीय सदस्या, श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की का भी उन्होंने स्वागत किया और उम्मीद जतायी कि वे सदन में एक आदर्श जनप्रतिनिधि के रूप में स्वयं को प्रस्तुत करेंगी।

65वें राष्ट्रमंडलीय संसदीय संघ का सम्मेलन जो इस वर्ष कनाडा के हॉलीफक्स में 20 अगस्त से 26 अगस्त, 2022 तक आयोजित होने जा रहा है, उसमें माननीय अध्यक्ष महोदय के साथ माननीय सदस्य, श्री निरल पुरती एवं डॉ० लम्बोदर महतो पर्यवेक्षक के रूप में भाग लेंगे, इससे भी सदन को अवगत कराया गया। इसके उपरांत सत्र की महत्ता को देखते हुए आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की गयी। झारखण्ड विधान सभा में वर्ष-2022-23 के लिए गठित समितियों के महत्व को उजागर करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि झारखण्ड के अंतिम पंक्ति में खड़े प्रत्येक व्यक्ति के सर्वांगीण विकास एवं सम्पूर्ण कल्याण के लिए वे प्रतिबद्ध होंगी।

दिनांक-28 जुलाई से 08 अगस्त तक ईंगलैण्ड के बर्मिंघम में आयोजित होनेवाले कॉमनवेल्थ गेम, 2022 के भारतीय लॉन बॉल टीम में झारखण्ड के 05 खिलाड़ियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी गयी। इस वर्ष राज्य में मॉनसून ऋतु में 40 प्रतिशत हुई कम वर्षा पर आसन द्वारा गहरी चिन्ता व्यक्त की गयी तत्पश्चात् इस सत्र के दौरान निर्धारित कुल-छः बैठकों में लिये जानेवाले विषयों का भी उल्लेख किया गया। आसन द्वारा यह उम्मीद जतायी गयी कि पक्ष-विपक्ष के सभी माननीय सदस्यों का सत्र संचालन में सहयोग मिल सकेगा।

## 2.सभापति तालिका की घोषणा:-

आसन द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-10(1) के तहत पंचम् झारखण्ड विधान सभा के नवम् (मॉनसून) सत्र के निमित्त निम्नांकित माननीय सदस्यों को सभापति मनोनीत किया गया-

| | |
|---|---|
| श्री स्टीफन मराण्डी | स०वि०स० |
| श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी | स०वि०स० |
| श्रीमती सीता मुर्मू | स०वि०स० |
| श्री विरंची नारायण | स०वि०स० एवं |
| श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी | स०वि०स०। |

## 3.कार्य-मंत्रणा समिति का गठन:-

आसन द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-224(1) के तहत पंचम् झारखण्ड विधान सभा के नवम् (मॉनसून) सत्र के निमित्त कार्य-मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार से किया गया-

| | | |
|---|---|---|
| श्री रबीन्द्रनाथ महतो | अध्यक्ष | सभापति |
| श्री हेमन्त सोरेन | मुख्यमंत्री | सदस्य |
| श्री आलमगीर आलम | संसदीय कार्य मंत्री | सदस्य |
| श्री सत्यानन्द भोक्ता | मंत्री | सदस्य |
| श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह | स०वि०स० | सदस्य |
| श्री सुदेश कुमार महतो | स०वि०स० | सदस्य |
| श्री सरयू राय | स०वि०स० | सदस्य। |

## विशेष आमंत्रित सदस्य

| | |
|---|---|
| श्री चम्पाई सोरेन | मंत्री |
| डॉ० रामेश्वर उराँव | मंत्री |
| श्री नलिन सोरेन | मुख्य सचेतक (सत्तापक्ष) |
| श्री स्टीफन मराण्डी | स०वि०स० |
| श्री लोबिन हेम्ब्रम | स०वि०स० |
| श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा | स०वि०स० |
| श्री प्रदीप यादव | स०वि०स० |
| डॉ० सरफराज अहमद | स०वि०स० |
| श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी | स०वि०स० |
| श्रीमती अपर्णासेन गुप्ता | स०वि०स० |
| श्री विनोद कुमार सिंह | स०वि०स० एवं |
| श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह | स०वि०स०। |

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे तदुपरांत आसन द्वारा संसूचित किया गया कि सदन की कार्यवाही के तुरत बाद उनके कार्यालय कक्ष में उक्त समिति की बैठक होगी जिसमें समिति के सभी माननीय सदस्यों से उपस्थित रहने हेतु अनुरोध किया गया।

क्र०पृ०उ०

## 4.औपचारिक कार्य:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर सभा सचिव द्वारा झारखण्ड विधान सभा के विगत सत्रों में उद्भूत एवं सभा द्वारा पारित विधेयकों की एक विवरणी सभा पटल पर रखी गयी जिसपर माननीय राष्ट्रपति महोदय एवं माननीय राज्यपाल महोदय ने अपनी अनुमति प्रदान की है और जिसकी सूचना पंचम् झारखण्ड विधान सभा के अष्टम् (बजट) सत्र की समाप्ति के बाद प्राप्त हुई है-

माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा अनुमत विधेयक की विवरणी:-

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | दण्ड प्रक्रिया संहिता (झारखण्ड संशोधन) विधेयक, 2020 | 24.05.2022 | 06/2022 |

माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा अनुमत विधेयक की विवरणी:-

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | झारखण्ड विनियोग (संख्या-02) विधेयक, 2022 | 28.03.2022 | 05/2022 |

## 5.कृत-कार्रवाई प्रतिवेदन का उपस्थापन:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री आलमगीर आलम द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-244(2) के अधीन पंचम् झारखण्ड विधान सभा के अष्टम् (बजट) सत्र में विभिन्न विषयों पर सरकार द्वारा दिये गये आश्वासनों से सम्बन्धित कृत-कार्रवाई प्रतिवेदन की प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

## 6.आसन से सूचना:-

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज दिनांक-29.07.2022 को सदन की कार्यवाही के उपरांत कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक होगी और इसकी समाप्ति के तुरत बाद झारखण्ड विधान सभा परिसर की गेट संख्या-01 के सामने पर्यावरण की रक्षा हेतु वन महोत्सव के दौरान वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित है जिसमें सबों की उपस्थिति की अपेक्षा की गयी।

## 7.शोक-प्रकाश:-

विगत सत्र से अब तक के अन्तराल में हमारे बीच से कई राजनेता, कलाकार, लेखक, समाजसेवी और आम नागरिक गुजर गये हैं जिनके लिए सदन में लाये गये शोक-प्रकाश में आसन की अनुमति से माननीय सदन नेता एवं मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन, माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण, माननीय संसदीय कार्यमंत्री, श्री आलमगीर आलम, माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव एवं श्री सुदेश कुमार महतो, माननीय मंत्री, श्री सत्यानन्द भोक्ता, माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह, श्री अमित कुमार यादव तथा माननीय सदस्य, श्री सरयू राय द्वारा शोक-संवेदनायें व्यक्त की गयी तदुपरांत आसन द्वारा उक्त अवधि में दिवंगत झारखण्ड के पूर्व राज्यपाल, के. शंकरनारायणन, पूर्व मंत्री, रमई राम, राजमहल के पूर्व सांसद, सोम मराण्डी, पूर्व मंत्री, यदुनाथ बास्के, पूर्व विधायक, प्रशांत

क्र० पृ०उ०

कुमार एवं शिवा महतो, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पं० सुखराम, पूर्व सांसद, नवल किशोर राय तथा डॉ० रवीन्द्र कुमार राणा, पूर्व विधायक, रामदेव सिंह यादव एवं संत रामाश्रय ईश्वर, डॉ० त्रिभुवन सिंह, पूर्व मंत्री, योगेन्द्र पाण्डेय एवं नरेन्द्र सिंह, पूर्व मुख्य न्यायाधीश, रमेशचन्द्र लाहोरी, संतूर वादक, पं० शिव कुमार शर्मा, गायक, भूपेन्द्र सिंह, गीतकार, माया गोविन्द, साहित्यकार, जदुमीन बेसरा, 23 मार्च, 2022 को हैदराबाद में बिहार के 11 प्रवासी मजदूरों की आग लगने से हुई मौत, दिनांक-10 अप्रैल, 2022 को देवघर में त्रिकुट पहाड़ पर रोप-वे के टूटने से दो महिलाओं की मौत, 27 मई, 2022 को थलसेना के शहीद सात सैनिकों तथा 17 जून, 2022 को झारखण्ड के विभिन्न जिलों में वज्रपात से हुई मृत व्यक्तियों के दिवंगत आत्माओं के प्रति गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की गयी तत्पश्चात् दो मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात् सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक-01.08.2022 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

रांची,
दिनांक- 29 जुलाई, 2022 ई०।

सैयद जावेद हैदर,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।